कृष्णयजुर्वेदगतकठशाखोक्ता
कठोपनिषद
प्रथमोऽध्यायः

कृष्णयजुर्वेदगतकठशाखोक्ता

कठोपनिषद्

प्रथमोऽध्यायः

[भूमिका, शाङ्करभाष्य, अन्वय, हिन्दीभाषानुवाद, टिप्पणी-सहित]

व्याख्याकार

डॉ० राजमणि पाण्डेय

एम० ए०, पी-एच० डी०, साहित्यरत्न

संशोधन-परिवर्धन

डा० रविनाथ मिश्र

एम० ए०, पी-एच० डी०

संस्कृत विभाग

गोरखपुर विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

भूमिका

कठोपनिषद्

१. वेद शब्द का अर्थ है ज्ञान।

२. "मन्त्रब्राह्मणयोर्वेद नामधेयम्" (आपस्तम्ब परिभाषा ३१)। अर्थात् मन्त्र और ब्राह्मण का नाम वेद है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद--- इन चारों वेदों के मन्त्र भाग को संहिता कहते हैं। ब्राह्मण के तीन भाग होते हैं--ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद्। इस प्रकार वैदिक साहित्य के ४ मुख्य भाग हैं--संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद्। उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार इन चारों भागों को वेद नाम से पुकार सकते हैं।

यज्ञ के कर्म तथा मन्त्रों की व्याख्या करनेवाले ग्रन्थ ब्राह्मण कहे जाते हैं—

(१) ब्राह्मणं नाम कर्मणस्तन्मन्त्राणां च व्याख्यानग्रन्थः।

--भट्टभास्कर तै० सं० १-५-१ भाष्य।

(२) नैरुक्त्यं यस्य मन्त्रस्य विनियोगः प्रयोजनम्।
प्रतिष्ठानं विधिश्चैव ब्राह्मणं तदिहोच्यते॥

--वाचस्पति मिश्र।

अरण्य में पठित होने के कारण आरण्यक नाम है---

अरण्याध्ययनादेतदारयकमितीयते।
अरण्ये तदधोयोतेत्येवं वाक्यं प्रवक्ष्यते॥

--सायण तै० आ० भाष्य, श्लोक ६।

आरण्यकों में आध्यात्मिक विषय-विवेचन मुख्य है। उपनिषद् का मुख्यार्थ है, ब्रह्मविद्या। उपनिषदों को वेदान्त भी कहते हैं; क्योंकि ये वेदों के अन्तिम भाग हैं---'वेदानाम् अन्तः वेदान्तः।' ब्रह्म-सूत्र तथा गीता का आश्रय उपनिषद् ही हैं।

१. ऋग्वेद के मन्त्रों को ऋक् या ऋचा कहते हैं। "जिनमें अर्थवशात् पादव्यवस्था है, उन छन्दोबद्ध मन्त्रों को ऋक् या ऋचा कहते हैं"—

"तेषामृग् यथार्थवशेन पादव्यवस्था"

जै० सू० २–१-३५।

२. सामवेद के मन्त्र साम कहे जाते हैं। साम का शब्दार्थ हैं—"ऋचाओं के ऊपर गाये जानेवाले गान"—

"गीतिषु सामाख्या"

जै० सू० २–१–३६।

ऋक् मन्त्रों के लिए भी साम शब्द का प्रयोग मिलता है।

३. यजुर्वेद के मन्त्रों को यजुष् के नाम से पुकारा जाता है। "ऋकों तथा सामों से व्यतिरिक्त गद्यात्मक मन्त्रों को यजुष् कहते हैं"—

"शेषे यजुः शब्दः"

—जै० सू० २–१–३६।

"गद्यात्मको यजुः"

यजुर्वेद में छन्दोबद्ध मन्त्र भी मिलते हैं। वास्तव में यजुष् यज्ञ-सम्बन्धी मन्त्र हैं जो गद्य और पद्य दोनों रूपों में मिलते हैं। ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद—इन तीनों वेदों को त्रयी कहते हैं।

४. अथर्वण तथा अङ्गिरस ऋषियों के द्वारा दृष्ट अनेक मन्त्रों से युक्त वेद को अथर्ववेद अथवा ब्रह्मवेद अथवा अङ्गिरोवेद अथवा अथर्वाङ्गिरसवेद कहते हैं। अथर्ववेद को मिलाकर ४ वेद हुए—"चत्वारो वेदाः"।

उपर्युक्त ४ वेदों में यजुर्वेद के २ भेद मिलते हैं—शुक्ल-यजुर्वेद एवं कृष्ण-यजुर्वेद। शुक्ल-यजुर्वेद में केवल मन्त्रों का सङ्ग्रह मिलता है तथा कृष्ण-यजुर्वेद में मन्त्रों के साथ-साथ ब्राह्मण अंश भी मिलता है। शुक्ल-यजुर्वेद की संहिता को वाजसनेयी संहिता कहते हैं। कृष्ण-यजुर्वेद की ४ शाखाएँ मिलती हैं—

(१) तैत्तिरीय,

(२) मैत्रायणीय,

(३) कठ,
(४) कपिष्ठल-कठ।

इन शाखाओं में कठ शाखा के अन्तर्गत कठोपनिषद् आती है।

उपनिषद् साहित्य

मुक्तिकोपनिषद्* के अनुसार उपनिषदों की संख्या १०८ है। निम्नलिखित १० उपनिषद् मुख्य हैं—

ईश केन कठ प्रश्न मुण्डमाण्डूक्यतित्तिरिः।
ऐतरेयं च छान्दोग्यं बृहदारण्यकं दश॥

—मुक्तिकोपनिषद्।

(१) ईश, (२) केन, (३) कठ, (४) प्रश्न, (५) मुण्डक, (६) मांडूक्य, (७) तैत्तिरीय, (८) ऐतरेय, (९) छान्दोग्य, (१०) बृहदारण्यक—ये १० उपनिषद् प्राचीन तथा प्रामाणिक माने जाते हैं। इन पर शाङ्करभाष्य मिलता है। इनके साथ कौषीतकि, श्वेताश्वतर तथा मैत्रायणीय भी प्राचीन माने गये हैं।

दाराशिकोह की प्रेरणा से ५० उपनिषदों का फारसी अनुवाद १६५७ ई० में दिल्ली में समाप्त हुआ। इन फारसी अनुवादों को फ्रेञ्च यात्री बर्नियर फ्रांस ले गया। आक्वेंतोल दू पेराँ को यह अनुवाद १७७५ ई० में मिला। उसने १८०१ तथा १८०२ ई० में फ्रेंच तथा लैटिन भाषाओं में इसका अनुवाद प्रस्तुत किया। शापेनहावर नामक जर्मन तत्त्ववेत्ता इसी अनुवाद के द्वारा उपनिषदों से प्रभावित हुआ। शापेनहावर की कुछ उक्तियों का अनुवाद निम्नलिखित है :—

१. "मेरी दृष्टि में उपनिषदों के द्वारा वेदों की उपलब्धि से उन्नीसवीं शताब्दी अपने से पहले की सभी शताब्दियों से अधिक सौभाग्यवान् है।"

—वेल्ट अल्स विल्ले उण्ट फोरस्टेलुङ्ग
प्रथम संस्करण, भूमिका, पृष्ठ १३।

---

* भूमिका के अन्त में उपनिषदों की सूची देखिये।

२. "उस अनुवाद को पढ़ने से मुझे सर्वाधिक पूर्ण विश्वास का अनुभव होता है और यह विश्वास पूर्णरूपेण उचित है। वेदों की पवित्र आत्मा में उपनिषदों की प्राणवायु सञ्चरित होती है। जो भी फारसी-लैटिन के अध्ययन के द्वारा उस अनुपम ग्रन्थ से परिचित है उसका अन्तस्तल इस आत्मा से सोत्कम्प हो उठता है। प्रत्येक पंक्ति दृढ़, निश्चित तथा सर्वत्र सम अर्थ को प्रकट करती है। प्रत्येक वाक्य से गम्भीर, मौलिक तथा अलौकिक विचार उत्पन्न होते हैं तथा सम्पूर्ण एक उन्नत तथा पवित्र आत्मा से परिव्याप्त है। हम भारतीय वायुमण्डल तथा अपने से सम्बद्ध आत्माओं के मौलिक विचारों से परिव्याप्त हो जाते हैं। हमारा मस्तिष्क यहूदी अन्धविश्वासों तथा तत्सम्बद्ध तार्किक मतों से मुक्त हो जाता है। **सम्पूर्ण विश्व में उपनिषदों के अध्ययन से बढ़कर लाभदायक तथा अभ्युदय को प्राप्त कराने वाला और कुछ नहीं है। यह मेरे जोवन का निर्वाण है तथा यह मेरी मृत्यु का निर्वाण होगा।"**

पारेर्गा (तृतीय संस्करण) ii, पृष्ठ ४२६।

३. "उपनिषदों का सर्वात्मवाद जल्दी या देर में लोगों का धर्म बनकर रहेगा।"

वही i पृष्ठ ५९।

४. उपनिषद् सर्वोत्तम ज्ञान की सृष्टियाँ हैं।"

—वही ii, पृष्ठ ४२८।

मैक्सम्यूलर कहते हैं—"संस्कृत-साहित्य के प्रति मेरा सच्चा अनुराग सबसे पहले उपनिषदों के द्वारा प्रदीप्त हुआ था। सन् १८४४ ई० में बर्लिन में शेलिंग के भाषण को सुनते समय मेरा ध्यान उन प्राचीन दार्शनिक ग्रन्थों की ओर आकृष्ट किया गया था।"

—सैक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट, वॉल्यूम १, दि उपनिषद्स भूमिका, पृष्ठ ६५।

कठोपनिषद् का प्रतिपाद्य

उपनिषद् शब्द की व्युत्पत्ति एवम् अर्थ

'उप' और 'नि' उपसर्गपूर्वक 'सद्' धातु से 'क्विप्' प्रत्यय लगने पर 'उपनिषद्' यह रूप सिद्ध होता है। 'सद्' धातु के तीन अर्थ विशरण (नाश), गति और अवसादन (शिथिल करना) हैं।

मोक्ष की कामना करनेवाला पुरुष विषयों से विरक्त होकर ब्रह्मविषयक विद्या का निष्ठापूर्वक अनुशीलन करता है। ऐसा होने से संसार की बीजभूता अविद्या आदि का नाश—विशरण होता है और ऐसा होने कारण 'विशरण' इस अर्थ के योग से 'उपनिषद्' शब्द से यह विद्या कही जाती है। यही ब्रह्मविद्या मोक्षकामियों को परब्रह्म के पास पहुँचाती है, इस कारण भी यह विद्या इस 'गति' अर्थ के योग से 'उपनिषद्' ही है। जो, भूः, भुवः आदि लोकों से पूर्व होनेवाले ब्रह्मा से उत्पन्न और ज्ञाता अग्नि से सम्बन्ध रखनेवाली है तथा जो स्वर्गलोकरूप फल-प्राप्ति का हेतु होने के कारण विभिन्न लोकों में गर्भवास, जन्म, जरा आदि उपद्रव-समूहों का अवसादन करनेवाली है ऐसी अग्निविद्या भी इस 'अवसादन' अर्थ के योग से 'उपनिषद्' शब्द से कही जाती है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि 'उपनिषद्' का अर्थ विद्याविशेष है। किन्तु इसके अतिरिक्त अध्येता-गण इस शब्द से ग्रन्थ का भी उल्लेख करते हैं अतः 'उपनिषद्' शब्द के ग्रन्थ होनेवाले अर्थ की संगति इस प्रकार है कि उपर्युक्त गुणविशिष्ट विद्याओं का ज्ञान जिस ग्रन्थ में उपलब्ध हो वह ग्रन्थ भी 'उपनिषद्' है।

कठोपनिषद् का प्रतिपाद्य विषय

'चिती', 'किती', 'सञ्ज्ञाने' धातु से नचिकेता शब्द व्युत्पन्न होता है जिसका अर्थ है 'जिज्ञासु'। इस ग्रन्थ में यम और नचिकेता के संवाद के माध्यम से ब्रह्मविद्या का विशद विवेचन किया गया है। अन्य उपनिषदों की भाँति तत्त्वज्ञान के गम्भीर विवेचन के अतिरिक्त नचिकेता के चरित्र का अनुपम आदर्श भी जनसमुदाय के सम्मुख उपस्थित करना इसका उद्देश्य है।

सर्वमेध यज्ञ के कर्ता नचिकेता के पिता वाजश्रवा ने जब उत्तम एवं दूध देनेवाली गायों को पुत्रधन के रूप में सुरक्षित रखा और जीर्ण-शीर्ण गायों को ब्राह्मणों को दान के रूप में दिया, उस समय बालक नचिकेता के मन में आस्तिक्य बुद्धि ने जन्म लिया और उसने सोचा कि इस प्रकार की गायों को दान देने से व्यक्ति अनन्द (आनन्दरहित) लोक को प्राप्त होता है, फिर मेरे पिता जो सर्वमेध यज्ञ कर रहे हैं उसमें सर्वस्व एवं सर्वप्रिय वस्तुओं का दान

कर दिया जाता है। उसके मन में स्वाभाविक प्रश्न उठा, उसने पिता वाज-श्रवा से पूछा—

"......कस्मै मां दास्यसीति"

—कठ० १. १. ४।

नचिकेता के मन में पिता के उद्धार की बात समायी थी, अतः इस उक्ति के द्वारा पिता का मोहभंग आवश्यक ही था।

पिता का पुत्र के प्रति मोह आवश्यक ही था। वह (वाजश्रवा) चुप रहकर प्रश्न का उत्तर टालना चाहता था, किन्तु योग्य पुत्र नचिकेता अपने निश्चय पर दृढ़ रहनेवाला था। कई बार इस प्रश्न को पिता से पूछा। खीझ-कर पिता ने कहा—

"......मृत्यवे त्वां ददामीति"

—कठ० १. १. ४।

यह जानकर भी पिता ने क्रोधवश ऐसा कहा है, नचिकेता ने पितृवचन की उपेक्षा नहीं की।

पिता की अनुज्ञा प्राप्त कर नचिकेता यमलोक पहुँचा। वहाँ पहुँचने पर, यमराज के अनुपस्थित रहने पर वह तीन रात्रियों तक बिना अन्न-जल ग्रहण किये स्थित रहा। बिना यमराज से भेंट किये अन्न-जल के न ग्रहण करने से नचिकेता की सत्यनिष्ठा का अनुमान लगाया जा सकता है। जिसके लिए शरीर का दान हो चुका है, जिस शरीर पर किसी अन्य का प्रभुत्व स्थापित हो चुका है, उस शरीर को बिना स्वामी को सौंपे अन्न-जल स्वीकार भी कैसे किया जा सकता था! तीन दिनों बाद यमराज आये। देखा, सुना, ब्राह्मण अतिथि ने तीन दिनों तक उपवास किया है। वे जानते थे अतिथि की उपेक्षा से कितना बड़ा अनर्थ होता है, अतः उन्होंने उस उपवास के लिए प्रायश्चित्त का विधान सोचा और कहा—

तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मे, अनश्नन्ब्रह्मन्नतिथिर्नमस्यः।
नमस्तेऽस्तु ब्रह्मन्स्वस्ति मेऽस्तु, तस्मात्प्रति त्रीन्वरान्वृणीष्व॥

—कठ० १. १. ९।

तीन रात्रि तक नमस्कार के योग्य ब्राह्मण अतिथि ने उपवास किया है। अतएव तीन वर माँगने के लिए कहना उचित भी था।

नचिकेता ने यमराज से जिन वरों को जिस क्रम से माँगा है, उस क्रम में भी एक रहस्य छिपा हुआ है। उन वरों में से सबसे पहला वर था पितृ-परितोष। नचिकेता ने यमराज से कहा--

शान्तसङ्कल्पः सुमना यथा स्याद्वीतमन्युर्गौतमो माभि मृत्यो।
त्वत्प्रसृष्टं माभिवदेत्प्रतीत, एतत्त्रयाणां प्रथमं वरं वृणे॥

—कठोपनिषद् १-१-१०।

पिता की इच्छा के विरुद्ध नचिकेता के धर्मराज के पास आने के कारण पिता वाजश्रवा का मन खिन्न था, उनका चित्त अशान्त था। अतः नचिकेता के लिए यह आवश्यक था कि वह अपने पिता को प्रसन्न कर सके, उसके अशान्त मन को शान्त कर सके। पिता को बिना शान्त संकलपवाला किए पुत्र (नचिकेता) को शान्ति कहाँ ? अतः इस पितृपरितोष-विषयक वर को ही सर्वप्रथम नचिकेता ने यमराज से माँगा।

लौकिक चिन्ताओं से मुक्त होकर नचिकेता ने पारलौकिक चिन्ताओं से मुक्ति चाही। यह स्वाभाविक ही था। उन्होंने स्वर्ग की साधनभूत अग्निविद्या का ज्ञान यमराज से माँगा—

'स त्वमग्निं स्वर्ग्यमध्येषि मृत्यो,
प्रब्रूहि त्वं श्रद्दधानाय मह्यम्।
स्वर्गलोका अमृतत्वं भजन्त,
एतद्द्वितीयेन वृणे वरेण।'

—कठ० १. १. १३।

यमराज का स्वर्ग के साधनभूत अग्नि का उपदेश देना भी उचित ही है क्योंकि शुभ और अशुभ कर्मों का फल देनेवाला यह यमराज पुण्यकर्मों के फल-स्वरूप स्वर्ग तथा उसके साधन अग्नि को अच्छी प्रकार जानता है।

यमराज ने योग्य शिष्य समझकर स्वर्ग की साधनभूत अग्निविद्या का उपदेश नचिकेता को दिया। यही नहीं, उस अग्निविद्या का नामकरण भी उसी के नाम से कर दिया।

नचिकेता स्वार्थी नहीं था। उसने स्वर्ग की साधनभूता अग्निविद्या-रूप वर माँगा, इससे उसमें स्वार्थं की कल्पना नहीं करनी चाहिए। उसके मन में तो मनुष्यमात्र की हितचिन्ता व्याप्त थी। प्राणिमात्र के हित में ही उसका भी हित निहित था। यमराज द्वारा तृतीय वर माँगने के लिए आदेश देने पर वह 'ब्रह्मविद्या' विषयक तृतीय वर को माँगता है। यमराज परीक्षा लेना चाहते हैं। वे जानना चाहते हैं कि 'ब्रह्मविद्या' के ज्ञान के योग्य नचिकेता है या नहीं। वे नाना प्रकार के प्रलोभन देते हैं और चाहते हैं कि मरणविषयक प्रश्न को नचिकेता न पूछे—

ये ये कामा दुर्लभा मर्त्यलोके सर्वान्कामांश्छन्दतः प्रार्थयस्व।
इमा रामाः सरथाः सतूर्या न हीदृशा लम्भनीया मनुष्यैः॥
आभिर्मत्प्रत्ताभिः परिचारयस्व नचिकेतो मरणं मानुप्राक्षीः॥

नचिकेता अत्यन्त ज्ञानी पुरुष है। वह जानता है कि ब्रह्मज्ञान के मार्ग में सभी प्रकार का कामनाएँ बाधक हैं। अतएव उसने दीर्घजीवी पुत्र-पौत्र, स्वर्ण, हाथी आदि से युक्त साम्राज्य, दीर्घजीवन, रथ तथा वाद्यसहित सुन्दरियों आदि का त्याग कर दिया। नचिकेता जानता है कि अनित्य वस्तुओं का ग्रहण इन्द्रियों के तेज को नष्ट कर देता है, वह जानता है कि जीवन अल्प ही है और वह जानता है कि यह मनुष्य धन से सन्तुष्ट नहीं किया जा सकता है, इसीलिए वह मृत्यु-विषयक प्रश्न को यमराज से पूछता है। वह जानता है कि ब्रह्मविद्या के ज्ञान के तुल्य अन्य कोई ज्ञान नहीं है। वह जराग्रस्तता, मरणधर्मिता एवं अधःनिवास की अपेक्षा नित्य युवावस्था और अमरणधर्मिता को श्रेयस्कर समझता है—

श्वोभावा मर्त्यस्य यदन्तकैतत्सर्वेन्द्रियाणां जरयन्ति तेजः।
अपि सर्वं जीवितमल्पमेव तवैव वाहास्तव नृत्यगीते॥
न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत्त्वा।
जीविष्यामो यावदीशिष्यसि त्वं वरस्तु मे वरणीयः स एव॥
अजीर्यताममृतानामुपेत्य जीर्यन्मर्त्यः क्वधःस्थः प्रजानन्।
अभिध्यायन् वर्णरतिप्रमोदानतिदीर्घे जीविते को रमेत॥
यस्मिन्निदं विचिकित्सन्ति मृत्यो यत्साम्पराये महति ब्रूहि नस्तत्।
योऽयं वरो गूढमनुप्रविष्टो नान्यं तस्मान्नचिकेता वृणीते॥

—कठोपनिषद् १।१।२६–२९

नचिकेता के मन में मृत्यु के सम्बन्ध में तीव्र जिज्ञासा और आत्मदर्शन की अनवरत पिपासा समायी हुई है इसीलिए उसने ब्रह्मज्ञान-विषयक अत्यन्त गूढ़ इस तृतीय वर को माँगा ।

योग्य शिष्य की परीक्षा लेने के उपरान्त 'ब्रह्मविद्या' का उपदेश देना स्वीकार कर यमराज ने कहना प्रारम्भ किया कि श्रेय (विद्या) और प्रेय (अविद्या) अन्य हैं । ये दोनों भिन्न प्रयोजनवाले होते हैं, जो व्यक्ति श्रेय को ग्रहण करता है, उसका कल्याण होता है और जो प्रेय को ग्रहण करता है वह पुरुषार्थ से च्युत हो जाता है । यह आत्मतत्व बहुतों को सुनने के लिए भी प्राप्य नहीं है सुनते हुए भी लोग इसको नहीं जानते हैं । इस आत्मा का प्रवचनकर्ता अनेक में एक होता है, इसको ग्रहण करनेवाला पुरुष भी निपुण होता है तथा निपुण आचार्य के द्वारा उपदिष्ट इसको जाननेवाला भी आश्चर्य पुरुष होता है । बहुत प्रकार से समझा जाता हुआ भी यह आत्माहीन मनुष्य के द्वारा उपदिष्ट होने पर सम्यक् रूप से ज्ञात नहीं हो सकता है । यह आत्मा अणु से अधिक सूक्ष्म है और तर्क का विषय नहीं है—

'अणीयान्ह्यतर्क्यमणुप्रमाणात्'

—कठोपनिषद् १-२-८ ।

यह नित्य आत्मा अनित्य साधनों से प्राप्त नहीं होता है ।

न ह्यध्रुवैः प्राप्यते हि ध्रुवं तत्'

—कठोपनिषद् १-२-१० ।

आत्मतत्त्व के ज्ञान द्वारा धीर, हर्ष और शोक को छोड़ देता है—

तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम् ।
अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति ॥

—कठोपनिषद् १-२-१२

यह आत्मतत्त्व धर्म-अधर्म, कृत-अकृत और भूत-भविष्य से अलग है । सभी वेदों का प्रतिपाद्य विषय, तपस्या तथा ब्रह्मचर्य का उद्देश्यभूत यह 'ॐ' पद ही है । यह 'ॐ' अक्षर ही पर एवं अपर ब्रह्म है—

'एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्ध्येवाक्षरं परम्' ।

—कठोपनिषद् १-२-१६ ।

यह 'ॐ' अक्षर ही श्रेष्ठ एवं पर आलम्बन है। इस आशय को जानकर जीव ब्रह्मलोक में महान् होता है—

एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते॥

—कठोपनिषद् १-२-१७।

यह आत्मा अजन्मा, अमरणधर्मा है। यह नित्य, सनातन और पुरातन आत्मा शरीर के मारे जाते समय नहीं मरता है—

न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे॥

कठोपनिषद् १-२-१८।

यह आत्मा अणु से भी अणु और महान् से भी महान् है—

'अणोरणीयान् महतो महीयान्'

—कठोपनिषद् १-२-१९।

यह आत्मा शरीरों में शरीररहित, अनित्यों में नित्यस्वरूप और व्यापक है। इसे प्रवचन (वेदाध्ययन), मेधा या अत्यधिक अध्ययन से नहीं प्राप्त किया जा सकता है—

'नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो
न मेधया न बहुना श्रुतेन।'

—कठोपनिषद् १-२-२३।

रथ-रूपक की कल्पना

शरीर रथ है; बुद्धि सारथि है; मन लगाम है; इन्द्रियाँ घोड़े हैं। शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध—ये विषय ही मार्ग हैं, जिन पर यह रथ चलता है। इस रथ का रथी आत्मा है। शरीर, इन्द्रिय तथा मन से युक्त इस आत्मा को मनीषी लोग भोक्ता कहते हैं।

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥ ३॥

इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान् ।
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ॥ ४ ॥

—कठोपनिषद् १–३–३,४ ।

जिस प्रकार लोक में समीचीन सारथि तथा लगाम से युक्त घोड़े वश में रहते हैं अन्यथा नहीं, उसी प्रकार सम्यक् बुद्धि तथा युक्त मन के होने पर ही इन्द्रियाँ वश में रहती हैं, अन्यथा नहीं। बुद्धिरूप सारथि तथा मनरूप प्रग्रह से युक्त होने पर संसार-मार्ग से पार विष्णु-पद को प्राप्त होता है—

विज्ञानसारथिर्यस्तु मनः प्रग्रहवान्नरः ।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥

—कठोपनिषद् १–३–९ ।

कठोपनिषद् के विषय में विद्वानों का विवाद

१. कोलब्रुक[1] कठोपनिषद् को सामवेद से सम्बद्ध मानते हैं जिसका खण्डन वेबर करते हैं।

२. मैक्सम्यूलर[2] प्रभृति विद्वानों का कथन है कि प्रथम अध्याय की प्रथम वल्ली में १५वाँ, १७वाँ तथा १८वाँ मन्त्र बाद को किसी ने जोड़ दिया; क्योंकि यम ने तीन ही वर देने को कहा था, न कि चौथा वर भी। यम ने मन्त्रसंख्या १–२–३ में कहा कि तुम इस सृङ्का को नहीं प्राप्त हुए—

"स त्वं प्रियान् प्रियरूपांश्च कामानभिध्यायन्नचिकेतोऽत्यस्राक्षीः ।
नैतां सृङ्कां वित्तमयीमवाप्तो यस्यां मज्जन्ति बहवो मनुष्याः ॥"

—कठोपनिषद् १-२-३ ।

आगे सृङ्का चतुर्थ वर के रूप में किसी ने प्रक्षिप्त कर दिया—

सृङ्कां चेमामनेकरूपां गृहाण ।

—कठोपनिषद् १-१-१६ ।

---

१. मिसलैनियस एसेज. १-९६ नोट।

२. सैक्रेड बुक्स ऑफ़ द ईस्ट; वॉल्यूम १५; दि उपनिषद्स, भाग २, भूमिका, पृष्ठ १५।

इस चतुर्थ वर के बोधक तीनों मन्त्र (१६, १७, १८) प्रक्षिप्त हैं। इन लोगों का कथन है कि "तवैव नाम्ना भवितायमग्निः" (१-१-१६) यह चतुर्थ वर भी प्रक्षिप्त है। प्रक्षिप्त होने के लिए एक कारण यह भी दिया जाता है कि १-१-१५ मन्त्र में "पुनरेवाह तुष्टः" कहकर फिर अगले १-१-१६ श्लोक में "तमब्रवीत्" कहना सङ्गत नहीं है; क्योंकि पुनरुक्ति-दोष आ जाता है। इसके अतिरिक्त १-१-१९ मन्त्र में "तवैव" इन दो पदों को अधिक मानकर छन्दोभङ्ग का दोष भी लगाया जाता है। पूर्व तथा उत्तर मन्त्रसहित विवादास्पद तीनों मन्त्र निम्नलिखित हैं :—

लोकादिमग्निं स उवाच तस्मै या इष्टका यावतीर्वा यथा वा।
स चापि तत्प्रत्यवदद्यथोक्तमथास्य मृत्युः पुनरेवाह तुष्टः॥

—कठोपनिषद् १-१-१५।

तमब्रवीत्प्रीयमाणो महात्मा वरं तवेहाद्य ददामि भूयः।
तवैव नाम्ना भवितायमग्निः सृङ्कां चेमामनेकरूपां गृहाण॥१६॥
त्रिणाचिकेतस्त्रिभिरेत्य सन्धिं त्रिकर्मकृत्तरति जन्ममृत्यू।
ब्रह्मजज्ञं देवमीड्यं विदित्वा निचाय्येमाँ शान्तिमत्यन्तमेति॥१७॥
त्रिणाचिकेतस्त्रयमेतद्विदित्वा य एवं विद्वाँश्चिनुते नाचिकेतम्।
स मृत्युपाशान्पुरतः प्रणोद्य शोकातिगो मोदते स्वर्गलोके॥१८॥
एष तेऽग्निर्नचिकेतः स्वर्ग्यो यमवृणीथा द्वितीयेन वरेण।
एतमग्निं तवैव प्रवक्ष्यन्ति जनासस्तृतीयं वरं नचिकेतो वृणीष्व॥१९॥

इस मत के विपरीत कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय को पश्चात्तन माननेवाले वेबर का कहना है कि १-१-१७ मन्त्र में 'ब्रह्मजज्ञ" रूप प्राचीन है।

'पहले इस उपनिषद् का प्रथम अध्याय मात्र था, बाद को किसी ने दूसरा अध्याय बनाकर जोड़ दिया'—यह मत वेबर, डायसन प्रभृति विद्वान् प्रस्तुत करते हैं*। अन्य विद्वान् इन मतों का खण्डन करते हैं।

---

* १. अल्ब्रेख्ट वेबर—इन्दिशेष्टूडियन २; १९७-८ लीपज़िग, १८५३।
 २. हर्टल—दी वाइसहाइट देयर उपनिषदेन—म्यूनिच, १९२१।

तैत्तिरीय ब्राह्मण में नचिकेता की कथा

तैत्तिरीय ब्राह्मण के तृतीय काण्ड के एकादश प्रपाठक के अष्टम अनुवाक् में नचिकेता की कथा मिलती है। तैत्तिरीय ब्राह्मण तथा कठोपनिषद् में निम्न पदावली उभयनिष्ठ हैं—

"उशन् ह वै वाजश्रवसः सर्ववेदसं ददौ। तस्य ह नचिकेता नाम पुत्र आस। तँ ह कुमारँ सन्तं दक्षिणासु नीयमानासु श्रद्धा विवेश। स होवाच तत कस्मै मां दास्यसीति। द्वितीयं तृतीयं तँ होवाच। तँ होवाच मृत्यवे त्वां ददामीति।"

इसके अतिरिक्त तैत्तिरीय ब्राह्मण तथा कठोपनिषद् में इस आख्यान के रूपों में समानता के साथ कुछ भेद भी है। तैत्तिरीय ब्राह्मण की कथा इस प्रकार है—

गौतम वाजश्रवस् नामक मुनि ने विश्वजित् याग किया। उनके नचिकेता नाम का पुत्र था। जब ऋत्विजों को दक्षिणास्वरूप गायें दी जा रही थीं, तब नचिकेता के मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई। उसने पिता से कहा—"पिताजी! मुझे किसे दे रहे हैं।" इस वचन को दुबारा और फिर तिबारा कहा। पिता ने कहा—"मैं तुझे मृत्यु को देता हूँ।" यहाँ तक तैत्तिरीय ब्राह्मण तथा कठोपनिषद्

---

३. हिलेब्राण्ड्ट् अडस ब्राह्मणज़ उण्ट उपनिषदेन।
४. डोयसन—जेखट्सिक्र उपनिषद्स।
५. रेनो—कठ उपनिषद्।
६. राव्सन्—कठ उपनिषद् आक्सफोर्ड १९३४, सीरीज़ ६७।
७. फ्रीडरिख वेल्लर—फेर्ज़ूख आइनेर क्रिटिक देयर कठोपनिषद्, बर्लिन, १९५३।
८. कारपेण्टियर—काठक उपनिषद्।
९. आटो रुडाल्फ—दी कठ उपनिषद्।
१०. रोअर—बिब्लिओथिका इण्डिका १५, संख्या ४१ और ५०, कलकत्ता, १८५३।
११. ह्विटनी—ट्रान्सलेशन ऑफ दी कठ उपनिषद्, बोस्टन, १८९०।

की कथाओं में अभेद है। पिता के शाप देने के बाद, तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार अशरीरिणी वाणी ने नचिकेता से कहा—

"हे नचिकेतः ! तुम्हारे पिता के कथन का अभिप्राय है कि तुम मृत्यु के पास जाओ—

"तं ह स्मोत्थितं वागभिवदति ॥१॥ गौतमकुमारमिति स होवाच। मृत्यवे त्वां ददामीति।"

अशरीरिणी वाणी ने नचिकेता से कहा—'हे नचिकेतः ! जब यमराज प्रयास करें तब तुम उनके घर जाओ और तीन रात बिना भोजन किये हुए निवास करो। जब यमराज तुमसे पूछें कि तुमने कितनी रातें यहाँ बितायीं, तब कहना तीन रातें। और जब पूछें—"प्रथम रात्रि में तुमने क्या खाया ?" तब कहना "प्रथम रात्रि में मैंने तुम्हारी प्रजाओं को खाया।" जब पूछें—"दूसरी रात्रि में क्या खाया ?" तब कहना—"दूसरी रात्रि में मैंने तुम्हारे पशुओं को खाया।" जब पूछें-"तीसरी रात्रि में क्या खाया ?" तब कहना—"तीसरी रात्रि में मैंने तुम्हारे सुकृत को खाया।" इस प्रकार उत्तर देना। नचिकेता ने ऐसा ही किया—

इस प्रकार यमराज के यहाँ जाकर नचिकेता ने तीन रातें बिना भोजन किये बितायीं तथा यमराज के आने पर प्रश्नों का पूर्वोक्त रूप से उत्तर दिया। इस पर यमराज कहते हैं—"हे भगवन् ! वर माँगो।" नचिकेता वर माँगता है कि "मैं जीता हुआ ही पिता के पास जाऊँ।" फिर यम ने कहा—"दूसरा वर माँगो।" नचिकेता ने कहा—'उस उपाय के उपदेश दो जिससे मेरी इष्टा-पूर्ति का नाश न हो।" इस पर यमराज ने पूर्व के अनुवाकों में कथित नाचिकेत नामक अग्नि के चयन का उपदेश दिया। यमराज ने कहा-"तीसरा वर माँगो।" नचिकेता ने मृत्यु पर विजय माँगी। यमराज ने उसी नाचिकेत अग्नि का फिर उपदेश दिया। तदनन्तर नचिकेता ने मृत्यु को जीत लिया। इसी प्रकार जो कोई दूसरा व्यक्ति नाचिकेत अग्नि का चयन करता है और उसकी उपासना करता है वह मृत्यु को जीत लेता है। यमराज ने दो बार नाचिकेत अग्नि का उपदेश किया। इष्टापूर्त की रक्षा के लिए नाचिकेत अग्नि के चयन की प्रधानता तथा उपसना की गौणता मानी गयी तथा मृत्यु पर विजय प्राप्त करने

के लिए नाचिकेत अग्नि की उपासना की प्रधानता तथा चयन की गौणता मानी गयी। इस प्रकार दो बार उपदिष्ट नाचिकेत अग्नि के चयन तथा उपासनारूप वरों का विभाग हुआ।

तैत्तिरीय ब्राह्मण तथा कठोपनिषद् की कथाओं की तुलना

तैत्तिरीय ब्राह्मण के नाचिकेतोपाख्यान का परिष्कृत एवं विकसित रूप हम कठोपनिषद् में पाते हैं। कठोपनिषद् में अशरीरिणी वाणी को स्थान नहीं दिया गया है। नचिकेता ने तीन रातें बिना भोजन किये यमराज के भवन में, उनकी अनुपस्थिति में बितायीं। ब्राह्मण अतिथि अग्निरूप होकर घरों में प्रवेश करता है। अतः उसकी शान्ति के लिए अर्घ्य-पाद्य-रूप जल का दान करने के लिए यमराज से कहा गया है—

> वैश्वानरः प्रविशत्यतिथिर्ब्राह्मणो गृहान्।
> तस्यैतां शान्तिं कुर्वन्ति हर वैवस्वतोदकम्॥
>
> —कठोपनिषद् १-१-७।

जिस प्रकार तैत्तिरीय ब्राह्मण में नचिकेता ने यमराज को उग्र रूप से उत्तर दिया—"मैंने तुम्हारी प्रजाओं, पशुओं और सत्कर्मों को खाया"—इसका कठोपनिषद् में अभाव मिलता है। कठोपनिषद् में परिष्कृत एवं संस्कृत रूप से यह श्लोक मिलता है—

> आशाप्रतीक्षे सङ्गतं सूनृतां च
> इष्टापूर्ते पुत्रपशूंश्च सर्वान्।
> एतद् वृङ्क्ते पुरुषस्याल्पमेधसो
> यस्यानश्नन् वसति ब्राह्मणो गृहे॥
>
> —कठोपनिषद् १-१-८।

कठोपनिषद् का नचिकेता ब्रह्मविद्या के आचार्य यमराज का एक अधिकारी शिष्य है जो विनय तथा दृढ़-सकल्प से युक्त है। कठोपनिषद् में तीन वरों के अतिरिक्त एक चौथा वर भी यमराज ने नचिकेता को दिया और कहा कि लोग स्वर्ग के साधनभूत इस अग्नि को तुम्हारे ही नाम से पुकारेंगे। इस प्रकार इस अग्नि का नाम नाचिकेताग्नि हुआ—

'एष तेऽग्निर्नचिकेतः स्वर्ग्यो यमवृणीथा द्वितीयेन वरेण।
एतमग्निं तवैव प्रवक्ष्यन्ति जनासस्तृतीयं वरं नचिकेतो वृणीष्व॥"

कठोपनिषद् १-१-१९।

विभिन्न प्रलोभनों के द्वारा नचिकेता की परीक्षा लेने के बाद कठोपनिषद् में नचिकेता को तीसरे वर के रूप में अजर-अमर आत्मा का उपदेश दिया गया है।

महाभारत में नचिकेतापाख्यान

महाभारत के अनुशासन पर्व के ७०वें अध्याय में भीष्म पितामह के मुख से गोदान करनेवाले राजा नृग का आख्यान वर्णित है। तृणाच्छन्न कूप में विशाल कृकलास—अर्थात् गिरगिट रूप में स्थित राजा नृग का उद्धार वासुदेव कृष्ण करते हैं। समुद्धृत नृग अपना पूर्वजन्म-वृत्तान्त कहते हैं। एक ब्राह्मण को दान में दी गयी गाय को गलती से दुबारा किसी दूसरे ब्राह्मण को फिर दान में देने से उन्हें जो पाप लगा, उस पाप के फल के रूप में उन्हें कृकलास की योनि मिली।

आगे ७१वें अध्याय में नचिकेतोपाख्यान का महाभारतीय रूप मिलता है। जहाँ कठोपनिषद् में वाजश्रवा के पुत्र वाजश्रवस् को नचिकेता का पिता कहा गया है वहाँ महाभारत में उद्दालकि को नाचिकेत का पिता कहा गया है। ध्यान देने की बात है कि कठोपनिषद् में सकारान्त नचिकेतस् तथा आकारान्त नाचिकेत नाम मिलते हैं, तथा महाभारत में केवल आकारान्त नाचिकेत। कठोपनिषद् में **"नाचिकेतमुपाख्यानम्"** (१-३-१६) यह प्रयोग "नचिकेतसा प्राप्तम्" इस अर्थ में भी हुआ है। कठोपनिषद् में वाजश्रवस् को गौतम, औद्दालकि और आरुणि—इन और नामों से पुकारा गया है। शङ्कराचार्य 'वाजश्रवस्', 'औद्दालकि' और 'आरुणि' इन शब्दों का निम्नलिखित रूप से अर्थ करते हैं—

(१) वाजश्रवसः। वाजमन्नं तद्दानादिनिमित्तं श्रवो यशो यस्य स वाजश्रवा रूढितो वा। तस्यापत्यं वाजश्रवसः।

(२) औद्दालकिः। उद्दालक एव औद्दालकिः।

(३) आरुणिः। अरुणस्यापत्यम् आरुणिः। द्व्यामुष्यायणो वा।

महाभारत के ७१वें अध्याय का नचिकेतोपाख्यान इस प्रकार से वर्णित है—युधिष्ठिर शरशय्या पर पड़े हुए भीष्म से गोदान के फल का वर्णन करने

के लिए प्रार्थना करते हैं। भीष्म गोदान के पुण्यफल का वर्णन करने के लिए पुरातन नाचिकेत इतिहास का वर्णन करते हैं—

"अत्राप्युदाहरन्तीममितिहासं पुरातनम्।
ऋषेरुद्दालकेर्वाक्यं नाचिकेतस्य चोभयोः॥"

ऋषि उद्दालकि यज्ञ में दीक्षित होते हैं। वे नचिकेता से अपनी सेवा के लिए कहते हैं—

"ऋषिरुद्दालकिर्दीक्षामुपगम्य ततः सुतम्।
त्वं मामुपचरस्वेति नाचिकेतमभाषत॥"

नियम के समाप्त हो जाने पर ऋषि उद्दालकि नाचिकेत से कहते हैं कि आचमन करने में संलग्न तथा स्वाध्याय-रत होने के कारण मैं नदी के तीर पर इध्म, दर्भ तथा कलश आदि भूल आया हूँ। तुम जाकर इन वस्तुओं को नदी के तट पर से ले आओ। नाचिकेत ने नदी-तट पर जाकर देखा तो पाया कि ये सारी-की-सारी वस्तुएँ नदी के प्रवाह में बह गयी हैं। नाचिकेत लौटकर आता है तथा अपने पिता से कहता है कि हे पिता, मैंने उन वस्तुओं को नदी-तट पर नहीं देखा। भूख, प्यास तथा थकान से व्याकुल मुनि उद्दालकि ने पुत्र को शाप दे दिया कि तुम यम को देखो—

"समाप्ते नियमे तस्मिन् महर्षिः पुत्रमब्रवीत्।
उपस्पर्शनसक्तस्य स्वाध्यायाभिरतस्य च॥
इध्मा दर्भाः सुमनसः कलशश्चाति भोजनम्।
विस्मृतं मे तदादाय नदीतीरादिहाव्रज॥
गत्वानवाप्य तत्सर्वं नदीवेगसमाप्लुतम्।
न पश्यामि तदित्येवं पितरं सोऽब्रवीन्मुनिः॥
क्षुत्पिपासाश्रमाविष्टो मुनिरुद्दालकिस्तदा।
यमं पश्येति तं पुत्रमशपत् स महातपाः॥"

पिता के इस वाग्वज्र से अभिहत नाचिकेत, "पिता प्रसन्न हो जाँय" ऐसी प्रार्थना करते हुए ही निष्प्राण होकर पृथ्वी पर गिर पड़ता है—

"तथा स पित्राभिहतो वाग्वज्रेण कृताञ्जलिः।
प्रसीदेति ब्रुवन्नेव गतसत्त्वोऽपतद् भुवि।"

जब पिता उद्दालकि नाचिकेत को पृथ्वी पर गिरा हुआ देखता है तो दुःख से मूर्च्छित होकर, "मैंने क्या कर डाला", यह कहकर पृथ्वी पर गिर पड़ता है—

"नाचिकेतं पिता दृष्ट्वा पतितं दुःखमूर्च्छितः ।
किं मया कृतमित्युक्त्वा निपपात महीतले ॥"

पुत्र के शोक से सन्तप्त मुनि उद्दालकि ने दिवस के शेष तथा रात्रि को बिताया—

तस्य दुःखपरीतस्य स्वं पुत्रमनुशोचतः ।
व्यतीतं तदहःशेषं सा चोग्रा तत्र शर्वरी ॥

नाचिकेत यम के यहाँ से वापस आकर शयन पर उसी प्रकार स्पन्दित होता है जैसे वृष्टि से शस्य ।

यम के यहाँ से वापस आये हुए पुत्र से उद्दालकि ने पूछा कि पुत्र, क्या तुमने अपने कर्म से शुभ लोकों को जीत लिया ? तुम्हारा शरीर दिव्य हो गया है। नाचिकेत उत्तर देता है कि आपकी आज्ञा से मैं वैवस्वत यमराज की सभा में गया । यम ने आसन देकर नाचिकेत की यथोचित पूजा की । नाचिकेत ने कहा, 'हे यम ! अब जो उचित हो उसे आप करें ।" यम ने कहा, "हे सौम्य ! मृत नहीं हो । तुम्हारे पिता ने तुमसे कहा, 'यम को देखो ।' तुम्हारे पिता का वचन मिथ्या नहीं हो सकता । तुमने मुझे देख लिया । अब तुम्हारे पिता तुम्हारे लिए शोक कर रहे हैं । तुम जो चाहो वर माँग लो ।"

कुर्वन् भवच्छासनमाशु यातो ह्यहं विशालां रुचिरप्रभावाम् ।
वैवस्वतीं प्राप्य सभामपश्यं सहस्रशो योजनहेमभासम् ॥
दृष्ट्वैव मामभिमुखमापतन्तं देहीति स ह्यासनमादिदेश ।
वैवस्वतोऽर्घ्यादिभिरर्हणैश्च भवत्कृते पूजयामास मां सः ॥
ततस्त्वहं तं शनकैरवोचं वृतः सदस्यैरभिपूज्यमानः ।
प्राप्तोऽस्मि ते विषयं धर्मराज लोकानर्हो यानहं तान् विधत्स्व ॥
यमोऽब्रवीन्मां न मृतोऽसि सौम्य यमं पश्येत्याह स त्वां तपस्वी ।
पिता प्रदीप्ताग्निसमानतेजा न तच्छक्यमनृतं विप्र कर्तुम् ॥
दृष्टस्तेऽहं प्रतिगच्छस्व तात शोचत्यसौ तव देहस्य कर्ता ।
ददानि किं चापि मनःप्रणीतं प्रियातिथेस्तव कामान् वृणीष्व ॥

तेनैवमुक्तस्तमहं प्रत्यवोचं प्राप्तोऽस्मि ते विषयं दुर्निवर्त्यम्।
इच्छाम्यहं पुण्यकृतां समृद्धान् लोकान् द्रष्टुं यदि तेऽहं वरार्हः ॥
यानं समारोप्य तु मां स देवो वाहैर्युक्तं सुप्रभं भानुमत् तत्।
सन्दर्शयामास तदात्मलोकान् सर्वांस्तथा पुण्यकृतां द्विजेन्द्र ॥

इस प्रकार जब नाचिकेत ने पुण्य कर्म करने वालों के लोकों का दर्शन करने की इच्छा व्यक्त की, तब यमराज ने उसे रथ पर बैठाकर पुण्यात्माओं के लोकों का दर्शन कराया। इसके बाद विस्तारपूर्वक इन लोकों का वर्णन मिलता है। वहाँ दूध की नदियाँ बहती हैं। जो लोग गोदान करते हैं, वे इस दूध की नदियोंवाले लोक को प्राप्त होते हैं—

यमोऽब्रवीद् विद्धि भोज्यास्त्वमेता ये दातारः साधवो गोरसानाम्।
अन्ये लोकाः शाश्वता वीतशोकैः समाकीर्णा गोप्रदाने रतानाम् ॥

जो स्वाध्यायवान्, तपस्वी ब्राह्मण तीन रात भूमि पर उपवास करके सर्वसम्पन्न गाय का दान करता है, वह उतने ही वर्षों के लिए स्वर्ग लोकों को प्राप्त करता है, जितने रोएँ गाय के होते हैं। जो ब्राह्मण दान्त, धुर्य, बलवान्, तरुण, कुलानुजीव्य एवं विशाल बैल का दान ब्राह्मण को करता है, वहकुबेर के लोकों का भोग करता है—

स्वाध्यायवान् योऽतिमात्रं तपस्वी वैतानस्थो ब्राह्मणः पात्रमासाम्।
कृच्छ्रोत्सृष्टाः पोषणाभ्यागताश्च द्वारैरेतैर्गोविशेषाः प्रशस्ताः ॥
तिस्रो रात्र्यस्त्वद्भिरुपोष्य भूमौ तृप्ता गावस्तर्पितेभ्यः प्रदेयाः।
वत्सैः प्रीताः सुप्रजाः सोपचारास्त्र्यहं दत्त्वा गोरसैर्वर्तितव्यम् ॥
दत्त्वा धेनुं सुव्रतां कांस्यदोहां कल्याणवत्सामपलायिनीं च।
यावन्ति रोमाणि भवन्ति तस्यास्तावद् वर्षाण्यश्नुते स्वर्गलोकम् ॥
तथानड्वाहं ब्राह्मणेभ्यः प्रदाय दान्तं धुर्यं बलवन्तं युवानम्।
कुलानुजीव्यं वीर्यवन्तं बृहन्तं भुङ्क्ते लोकान् सम्मितान् धेनुदस्य ॥

कठोपनिषद् में विश्वजित् यज्ञ में वाजश्रवस् ने जिन गायों का दान किया उनका वर्णन इस प्रकार है—

पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहा निरिन्द्रियाः।
अनन्दा नाम ते लोकास्तान् स गच्छति ता ददत् ॥

—कठोपनिषद् १-१-३।

कठोपनिषद् के आख्यान का एक वैशिष्ट्य यह भी है कि बीच-बीच में उसकी पूर्ति पाठक को करनी पड़ती है। जब नचिकेता ने लगातार तीन बार अपने पिता से कहा, "तात आप मुझे किसे देंगे?" तब पिता ने कहा, "मैं तुझे मृत्यु को देता हूँ।" कठोपनिषद् के उपाख्यान में पिता का क्रुद्ध होना सकारण प्रतीत होता है, जब कि महाभारत के आख्यान में पिता का क्रुद्ध होना उचित नहीं मालूम होता। कठोपनिषद् में शाप देने के कुछ समय बाद नचिकेता यम के यहाँ जाता है, महाभारत में तुरन्त निष्प्राण होकर गिर पड़ता है। कठोपनिषद् की कथा के अनुसार नचिकेता ने यमराज की अनुपस्थिति में तीन रात्रि तक उपवास करके निवास किया। फलतः प्रत्येक रात्रि के लिए एक-एक वर यमराज ने नचिकेता को दिया—

तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मेऽनश्नन् ब्रह्मन्नतिथिर्नमस्यः।
नमस्तेऽस्तु ब्रह्मन्स्वस्ति मेऽस्तु तस्मात् प्रति त्रीन् वरान् वृणीष्व ॥

—कठोपनिषद् १-१-९।

महाभारत की कथा में कहा है कि जो तीन रात उपवास करके गोदान करता है, वह पुण्यलोकों को प्राप्त करता है।

कठोपनिषद् में नचिकेता ने पितृपरितोष, स्वर्ग के साधनभूत अग्नि का ज्ञान तथा ब्रह्म का ज्ञान माँगा। यमराज ने प्रथम दो वर बिना परीक्षा लिये ही दे दिये, किन्तु तीसरा वर नचिकेता की परीक्षा लेने के बाद ही दिया। महाभारत की कथा में नचिकेता ब्रह्मज्ञानी तथा अमर नहीं होता—

इत्युक्तोऽहं धर्मराजं द्विजर्षे
धर्मात्मानं शिरसाभिप्रणम्य।
अनुज्ञातस्तेन वैवस्वतेन
प्रत्यागमं भगवत्पादमूलम् ॥

दूसरी ओर कठोपनिषद् में नचिकेता ब्रह्मज्ञ तथा अमर हो जाता है।

अथ कृष्णयजुर्वेदगतकठशाखोक्ता कठोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै । ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

अन्वय—[ईश्वरः] नौ सह अवतु । नौ सह भुनक्तु । [आवाम्] सह वीर्यं करवावहै । नौ अधीतम् तेजस्वि अस्तु । [आवाम्] मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

हिन्दी—[ईश्वर] हम [गुरु और शिष्य] दोनों की एकसाथ रक्षा करें । हम दोनों का एकसाथ पालन करें । हम दोनों एक साथ शक्ति प्राप्त करें । हम दोनों का अध्ययन तेजस्वी हो । हम दोनों द्वेष न करें ।

[आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक इन] तीनों दुःखों का शमन हो ।

शाङ्करभाष्य—ॐ नमो भगवते वैवस्वताय मृत्यवे ब्रह्मविद्याचार्याय नचिकेतसे च । अथ काठकोपनिषद्वल्लीनां सुखार्थप्रबोधनार्थमल्पग्रन्था वृत्तिरारभ्यते ।

सदेर्धातोर्विशरणगत्यवसादनार्थस्योपनिपूर्वस्य क्विप्प्रत्ययान्तस्य रूपमुपनिषदिति उपनिषच्छब्देन च व्याचिख्यासितग्रन्थप्रतिपाद्यवेद्यवस्तुविषया विद्योच्यते । केन पुनरर्थयोगेनोपनिषच्छब्देन विद्योच्यत इत्युच्यते । ये मुमुक्षवो दृष्टानुश्रविकविषयवितृष्णाः सन्त उपनिषच्छब्दवाच्यां वक्ष्यमाणलक्षणां विद्यामुपसद्योपगम्य तन्निष्ठतया निश्चयेन शीलयन्ति तेषामविद्यादेः संसारबीजस्य विशरणाद्धिसनाद्विनाशनादित्यनेनार्थयोगेन विद्योपनिषदित्युच्यते । तथा च वक्ष्यति—"निचाय्य तं मृत्युमुखात्प्रमुच्यते ।" (क० उ० १–३–१५) इति । पूर्वोक्तविशेषान्मुमुक्षून्वा परं ब्रह्म गमयतीति ब्रह्मगमयितृत्वेन योगाद्ब्रह्मविद्योपनिषद् तथा च वक्ष्यति—"ब्रह्म प्राप्तो विरजोऽभूद्विमृत्युः" (क० उ० २–३–१८) इति लोकादिर्ब्रह्मजज्ञो योऽग्निस्तद्विषयाया विद्याया द्वितीयेन वरेण प्रार्थ्यमानायाः

स्वर्गलोकफलप्राप्तिहेतुत्वेन गर्भवासजन्मजराद्युपद्रववृन्दस्य लोकान्तरे पौनःपुन्येन प्रवृत्तस्यावसादयितृत्वेन शैथिल्यापादाने धात्वर्थयोगादग्निविद्याप्युपनिषदित्युच्यते। तथा च वक्ष्यति—"स्वर्गलोका अमृतत्वं भजन्ते" (क० उ० १-१-१३) इत्यादि। ननु चोपनिषच्छब्देन ध्येतारो ग्रन्थमप्यभिलषन्ति। उपनिषदमधीमहेऽध्यापयाम इति च। एवं नैष दोषोऽविद्यादिसंसारहेतुविशरणादेः सदिधात्वर्थस्य ग्रन्थमात्रेऽसम्भवाद्विद्यायां च सम्भवात्। ग्रन्थस्यापि तादर्थ्येन तच्छब्दत्वोपपत्तेः आयुर्वै घृतमित्यादिवत्। तस्माद्विद्यायां मुख्यया वृत्त्योपनिषच्छब्दो वर्तते ग्रन्थे तु भक्त्येति। एवमुपनिषन्निर्वचनेनैव विशिष्टोऽधिकारो विद्यायामुक्तः। विषयश्च विशिष्ट उक्तो विद्यायाः परं ब्रह्म प्रत्यगात्मभूतम्। प्रयोजनं चास्या उपनिषद आत्यन्तिकी संसारनिवृत्तिर्ब्रह्मप्राप्तिलक्षणा सम्बन्धश्चैवंभूतप्रयोजनेनोक्तः। अतो यथोक्ताधिकारविषयिप्रयोजनसम्बन्धाया विद्यायाः करतलन्यस्तामलकवत् प्रकाशकत्वेन विशिष्टाधिकारिविषयप्रयोजनसम्बन्धा एता वल्ल्यो भवन्तीति। अतस्ता यथाप्रतिमानं व्याचक्ष्महे।

●

प्रथम अध्याय

प्रथमा वल्ली

ॐ उशन्ह वै वाजश्रवसः सर्ववेदसं ददौ।
तस्य ह नचिकेता नाम पुत्र आस॥ १॥

अन्वय—ह[1] वै उशन्[2] वाजश्रवसः[3] सर्ववेदसं[4] ददौ[5]। तस्य नचिकेता[6] नाम पुत्र[7] आस ह।

शा० भा०—तत्राख्यायिका विद्यास्तुत्यर्था। उशन्कामयमानः। ह वा इति वृत्तार्थस्मरणार्थौ निपातौ। वाजमन्नं तद्दानादिनिमित्तं श्रवो यशो यस्य स वाजश्रवा रूढितो वा। तस्यापत्यं वाजश्रवसः किल विश्वजिता सर्वमेधेनेजे तत्फलं काम-

यमानः। स तस्मिन् क्रतौ सर्ववेदसं सर्वस्वं धनं दत्तवान्। तस्य यजमानस्य ह नचिकेता नाम पुत्रः किल आस बभूव ॥ १ ॥

हिन्दी—कहते हैं (फल की) कामना करते हुए वाजश्रवस् ने (सर्वमेध यज्ञ में) सब धन दे दिया अर्थात् सर्ववेदस् यज्ञ किया। प्रसिद्ध है कि उसके नचिकेता नाम का पुत्र था ॥ १ ॥

१. ह। वै। ये दोनों ही निपात हैं। इनका प्रयोग अतीत काल की घटना का स्मरण दिलाने के लिए हुआ है।

२. (क) उशन्। स्पष्ट रूप से उशन् नचिकेता के पिता का नाम है, क्योंकि वाजश्रवस् शब्द का अर्थ है, "वाजश्रवा का पुत्र" अतः 'वाजश्रवस्' नचिकेता के पिता का मूल नाम नहीं है। यह मत गेल्डनर, कार्पेण्टियर आदि का है। जैसा कि ओल्डनबर्ग कहते हैं—

"उशन्त देस् वाजश्रवस् जोन"........"वाजश्रवस् के पुत्र उशन्त" बुद्ध, जाइन लेबेन, जाइने लेयरे, जाइने गेमाइण्डे, पृष्ठ ५९।

(ख) शङ्कराचार्य ने उशन् का अर्थ 'कामयमानः' किया है।

उशन् = वश् + शतृ।

३. वाजश्रवसः। वाज√वज् > उर्ज, उज्, ओजस्। श्रूयते इति श्रवः कीर्तिः शब्दो वा।

वाजम् अन्नं तद्दानादिनिमित्तं श्रवो यशो यस्य स वाजश्रवा रूढितो वा। वाजश्रवसोऽपत्यं वाजश्रवसः। (अण् प्रत्यय) —शंकराचार्य

वाज शब्द वैदिक साहित्य में अनेक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। यथा—

(अ) शक्ति।

(ब) गति (विशेषतः घोड़ों की गति, जिससे वे वाजि कहलाये)।

(स) युद्ध। हरिर्वाजाय मृग्यते। ऋग्वेद ९. ३. ३।

(द) युद्ध में उपलब्ध धन। इन्द्र को "वाजानां पतिः" (ऋग्वेद ६. ४५. १०) कहा गया है।

(य) धन।

(र) अन्न। (निघण्टु २.७)। यज्ञान्न और घृत।

त्वां शश्वन्त उपयन्ति वाजाः—ऋग्वेद ७. १. ३।

(ल) ओषधयः खलु वै वाजः ।—तैत्तिरीय ब्राह्मण १. ३. ७१ ।

(व) अन्नं वै वाजः ।—शतपथ ब्राह्मण ९. ३ ।

४. सर्ववेदसम् । "वेदस्" = धन । "सर्ववेदसं वा एतत्सत्रम् ।।"

—महानारायणोपनिषद् २५. १.।

वस्तुतः "सर्ववेदसं ददौ" का अर्थ है "सर्वमेध यज्ञ किया", न कि सारा धन दे दिया। यद्यपि सर्ववेदसम् का शाब्दिक अर्थ "सब धन" होता है तथापि 'सर्ववेदस्' उस सर्वमेध या विश्वजित् यज्ञ का एक नाम है, जिसमें यजमान अपना सारा धन दान में दे देता है। वाजश्रवस् अपना सारा धन दान में नहीं देते। वे अधम गायों का दान करते हैं। अतएव "सर्ववेदसं ददौ" का अर्थ "सर्ववेदस् यज्ञ किया" ही ठीक है। जैसे "तपस्या की" इसके लिए संस्कृत में प्रयोग होता है—"तपस्तपति", उसी प्रकार यहाँ "सर्ववेदसं ददौ" का प्रयोग है, जिसका अर्थ है सर्ववेदस् यज्ञ किया।

५. ददौ। लिट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन।

६. नचिकेता। नचिकेता शब्द की उत्पत्ति "चिती किती सञ्ज्ञाने" धातु से मानी जाती है। इसका अर्थ हुआ—"जो नहीं जानता" अर्थात् जो जिज्ञासु है।

७. पुत्र। पू + क्त्र ह्रस्वश्च। पुतो नरकविशेपात् त्रायते इति पुत्रः।

> पुन्नाम्नोनरकाद्यस्मात्पितरं त्रायते सुतः।
> तस्मात् पुत्र इति प्रोक्तः.... ....।।—मनु

तँ ह कुमारँ सन्तं दक्षिणासु नीयमानासु श्रद्धा विवेश।
सोऽमन्यत ।। २ ।।

अन्वय—कुमारं[1] सन्तं तं दक्षिणासु नीयमानासु श्रद्धा विवेश ह। सोऽमन्यत ।। २ ।।

शा० भा०—तं ह नचिकेतसं कुमारं प्रथमवयसं सन्तमप्राप्तजननशक्तिं बालमेव श्रद्धास्तिक्यबुद्धिः पितुर्हितकामप्रयुक्ता। आविवेश प्राविष्टवती। कस्मिन् काल इत्याह—ऋत्विग्भ्यः सदस्येभ्यश्च दक्षिणासु नीयमानासु विभागेनोपनीयमानासु दक्षिणार्थासु गोषु स आविष्टश्रद्धो नचिकेता अमन्यत ।। २ ।।

हिन्दी—दक्षिणाएँ (दक्षिणा रूप गायें) जब ले जायी जा रही थीं, तब उसमें श्रद्धा (आस्तिक्य बुद्धि) ने प्रवेश किया। उसने सोचा ॥ २ ॥

१. ऋग्वेद-अनुक्रमणिका में अग्नि के एक पुत्र का नाम है, जो कुछ वैदिक सूक्तों का ऋषि है।

कथामित्युच्यते—

पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहा निरिन्द्रियाः।
अनन्दा नाम ते लोकास्तान्स गच्छति ता ददत् ॥ ३ ॥

अन्वय—(याः) पीतोदकाः जग्धतृणाः दुग्धदोहाः निरिन्द्रियाः ताः (गाः) ददत् (यजमानः) ये अनन्दाः नाम लोकाः तान् सः गच्छति ॥ ३ ॥

शा० भा०—दक्षिणार्थो गावो विशेष्यन्ते। पीतमुदकं याभिस्ताः पीतोदकाः। जग्धं भक्षितं तृणं याभिस्ता जग्धतृणाः। दुग्धो दोहः क्षीराख्यो यासां ता दुग्धदोहाः। निरिन्द्रिया अप्रजननसमर्था जीर्णा निष्फला गाव इत्यर्थः। यास्ता एवम्भूता गा ऋत्विग्भ्यो दक्षिणाबुद्धया ददत्प्रयच्छन् अनन्दा अनानन्दा असुखा नामेत्येतद्ये ते लोकास्तान्स यजमानो गच्छति ॥ ३ ॥

हिन्दी—(जिन्होंने) जल पी लिया है, घास खा ली है; दूध दुह लिया गया है; जो प्रजनन-समर्थ नहीं हैं—उन गायों का दान करता हुआ (यजमान जो) आनन्द—आनन्द-रहित लोक [हैं] उनमें जाता है ॥ ३ ॥

१. पीतोदकाः—पीतम् = पा + कर्मणि क्त। उदकम् = उन्दी क्लेदने + क्वुन् उणादिप्रत्यय २. ३९। पीतम् उदकं याभिस्ताः पीतोदकाः बहुव्रीहि समास।

२. जग्धतृणाः—जग्ध = अद् + कर्मणि क्त। तृण् = तृह् + नक् हलोपश्च उणादि ५.८ जग्ध तृणं याभिस्ता जग्धतृणाः बहुव्रीहि समास।

३. दुग्धदोहाः—दुग्ध = दुह + क्त। दुह्यते इति दोहः। दुह् + घञ्। दुग्धो दोहः पयः यासां ता दुग्धदोहाः। बहुव्रीहि समास।

४. अनन्दाः—नन्दयन्तीति नञ् (अ) + नन्द, नन्दाः, न नन्दाः अनन्दाः।

अनन्दा नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः।
तांस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः॥

—बृहदारण्यकोपनिषद् ४. ४. ११।

स होवाच पितरं तत कस्मै मां दास्यसीति।
द्वितीयं तृतीयं तँ होवाच मृत्यवे त्वां ददामीति ॥ ४ ॥

अन्वय--स ह पितरम् उवाच तत कस्मै मां दास्यसि इति। [सः] द्वितीयं तृतीयं [तम् उवाच]। मृत्यवे त्वां ददामि इति [पिता] तम् उवाच ह ॥ ४ ॥

शा० भा०--तदेवं क्रतुवसम्पत्तिनिमित्तं पितुरनिष्टं फलं मया पुत्रेण सता निवारणीयमात्मप्रदानेनापि क्रतुसम्पत्तिं कृत्वेत्येवं मत्वा पितरम् उपगम्य स होवाच पितरं हे तत तात कस्मै ऋत्विग्विशेषाय दक्षिणार्थं मां दास्यसि प्रयच्छसीत्येतत्। एवमुक्तेन पित्रोपेक्ष्यमाणोऽपि द्वितीयं तृतीयमप्युवाच कस्मै मां दास्यसि कस्मै मां दास्यसीति। नायं कुमारस्वभाव इति क्रुद्धः सन् पिता तं ह पुत्रं किलोवाच मृत्यवे वैवस्वताय त्वा त्वां ददामीति[1] ॥ ४ ॥

हिन्दी--[यह जानते हुए कि उसके पिता ने पुत्रसहित सर्वस्व दान में देने की प्रतिज्ञा कर ली है] वह पिता से बोला--"हे तात! मुझे किसे देंगे।" उसने [इस वाक्य को] दुबारा [और फिर] तिबारा कहा। [पिता ने] उससे [क्रोधपूर्वक] कहा--"मैं तुझे मृत्यु को देता हूँ" ॥ ४ ॥

१--ददामि। कुछ पाण्डुलिपियों में "दास्यामि" यह पाठान्तर मिलता है।

स एवमुक्तः पुत्र एकान्ते परिदेवयाञ्चकार। कथम्? इत्युच्यते—

बहूनामेमि प्रथमो बहूनामेमि मध्यमः।
किँस्विद्यमस्य कर्तव्यं यन्मयाद्य करिष्यति ॥ ५ ॥

अन्वय—बहूनां प्रथमः[1] एमि; बहूनां मध्यमः[2] एमि। यमस्य [तत्] किंस्वित् कर्तव्यं यत् मया अद्य करिष्यति ॥ ५ ॥

शा० भा०—बहूनां शिष्याणां पुत्राणां वैमि गच्छामि प्रथमः सन्मुख्यया शिष्यादिवृत्त्येत्यर्थः। मध्यमानां च बहूनां मध्यमो मध्यमयैव वृत्त्यैमि। नाधमया कदाचिदपि। तमेवं विशिष्टगुणमपि पुत्रं मां मृत्यवे त्वां ददामीत्युक्तवान् पिता। स किंस्विद्यमस्य कर्तव्यं प्रयोजनं मया प्रत्तेन करिष्यति यत् कर्तव्यमद्य? नूनं प्रयोजनम् अनपेक्ष्यैव क्रोधवशादुक्तवान् पिता। तथापि तत् पितुर्वचो मृषा मा भूदित्येवं मत्वा परिदेवनापूर्वकमाह पितरं शोकाविष्टं किं मयोक्तमिति ॥ ५ ॥

हिन्दी—मैं अनेक [शिष्यों या पुत्रों में] प्रथम (मुख्य वृत्ति से) चलता हूँ, अनेक में मध्यम (वृत्ति से) चलता हूँ। यम का क्या कार्य है ? जो [पिता] मेरे द्वारा आज करेंगे ॥ ५ ॥

मैक्समूलर का अनुवाद—[पुत्र बोला—] [जिन्हें अभी मरना है ऐसे] बहुत-से लोगों में मैं प्रथम [होकर] जा रहा हूँ; [जो मर रहे हैं, ऐसे] बहुत-से लोगों के मध्य में [अर्थात् उनमें मध्यम होकर] मैं जा रहा हूँ। यम का क्या कार्य है जो आज मुझसे यमराज करेंगे ॥ ५ ॥

—सैक्रेड बुक्स ऑफ द ईस्ट, भाग १५, कठोपनिषद्, पृष्ठ २।

१. **प्रथमः**—प्रथ् + अमच् । उणादिसूत्र ५-६८ ।

२. **मध्यमः**—मध्ये भवः मध्यमः । मध्य + म । "मध्यान्मः" ४. ३. ८. ।

३. **यमः**—यमयति नियमयतीति यमः तस्य यमस्य । यम् + अच्‌ङस् (स्य) ।

अनुपश्च यथा पूर्वे प्रतिपश्य तथापरे।
सस्यमिव[1]मर्त्यः[2]पच्यते सस्यमिवाजायते पुनः ॥ ६ ॥

अन्वय—अनुपश्य यथा पूर्वे [वृत्ताः] तथा प्रतिपश्य (यथा) अपरे (वृत्ताः) । मर्त्यः सस्यम् इव पच्यते पुनः सस्यम् इव आजायते ॥ ६ ॥

शा० भा०—अनुपश्यालोचय निभालय । अनुक्रमेण यथा येन प्रकारेण वृत्ताः पूर्वे अतिक्रान्ताः पितृपितामहादयस्तव । तान् दृष्ट्वा च तेषां वृत्तमास्थातुमर्हसि । वर्तमानाश्चापरे साधवो यथा वर्तन्ते तांश्च प्रतिपश्यालोचय न च तेषु मृषाकरणं वृत्त वर्तमान वास्ति । तद्विपरीतमसतां च वृत्त मृषाकरणम् । न च मृषा कृत्वा कश्चिदजरामरो भवति । यतः सस्यमिव मर्त्यो मनुष्यः पच्यते जीर्णो म्रियते । मृत्वा च सस्यमिव आजायत आविर्भवति । पुनरेवमनित्ये जीवलोके किं मृषाकरणेन । पालय आत्मनः सत्यम् । प्रेषय मां यमाय इत्यभिप्रायः ॥ ६ ॥

हिन्दी—जिस प्रकार प्राचीन लोग (आचरण करते) थे उस पर दृष्टि डालो, और (जिस प्रकार) बाद के (वर्तमानकालिक) लोग (आचरण करते) हैं, उसे देखो। मरणधर्मा मनुष्य फसल की तरह पकता (वृद्ध होकर मरता) है; फिर फसल की तरह उत्पन्न होता है ॥ ६ ॥

१. **सस्यम्**--सम् + यत् उणादिसूत्र ४-११९ ।

२. मर्त्यः—म्रियतेऽत्रेति मर्तः भूलोकः। मर्त √मृ। मर्ते भवः मर्त्यः। मर्त + यत्।

स एवमुक्तः पितात्मनः सत्यतायै प्रेषयामास। स च यमभवनं गत्वा तिस्रो रात्रीः उवास यमे प्रोषिते। प्रोष्यागतं यमममात्या भार्या वा ऊचुर्बोधयन्तः—

वैश्वानरः[1] प्रविशत्यतिथि[2] ब्राह्मणो[3] गृहान्[4]।
तस्यैतां शान्ति[5] कुर्वन्ति हर वैवस्वतो[6] दकम् ॥ ७ ॥

अन्वय—ब्राह्मणोऽतिथिः वैश्वानरः (सन्) गृहान् प्रविशति। तस्य एतां शान्ति कुर्वन्ति। हे वैवस्वत ! उदकं हर ॥ ७ ॥

शा० भा०—वैश्वानरोऽग्निरेव साक्षात् प्रविशत्यतिथिः सन् ब्राह्मणो गृहान् दहन्निव। तस्य दाहं शमयन्त इवाग्नेरेतां पाद्यासनादिदानलक्षणां शान्ति कुर्वन्ति सन्तोऽतिथेर्यतोऽतो हराहर हे वैवस्वत ! उदकं नाचिकेतसे पाद्यार्थम्। यतश्चाकरणे प्रत्यवायः श्रूयते ॥ ७ ॥

हिन्दी—ब्राह्मण अतिथि (होकर) अग्नि (ही) घरों में प्रवेश करता है। (सज्जन लोग) उस (ब्राह्मण-अतिथिरूप अग्नि को यह अर्घ्यपाद्यजल-दानादिरूप) शमन करते हैं। (अतः) हे वैवस्वत ! शान्ति के लिए जल लाओ ॥ ७ ॥

१—"वैश्वानरः प्रविशत्यतिथिर्ब्राह्मणो गृहम्"—वासिष्ठधर्मशास्त्र ११–१३।

वैश्वानरः—विश्वश्चासौ नरश्च विश्वानरः। "नरे सञ्ज्ञायाम्" (पाणिनि ६. ३. १२८) इति दीर्घः। विश्वानर एव वैश्वानरः। स्वार्थे अण्प्रत्ययः। यद्वा विश्वेषां नराणामयं कुक्षिस्थत्वादिति वैश्वानरः। अण् पूर्वदीर्घः।

वैश्वानर शब्द का अर्थ है "सभी मनुष्यों से सम्बद्ध", "सर्वव्यापी"। यह शब्द अनेक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। कुछ निम्नलिखित हैं :—

(अ) अग्निविशेष—

"एतं त्वा वृणतेऽग्नि होत्राय सह पित्रा वैश्वानरेण।"

—आश्वलायन श्रौतसूत्र १-३-२३।

(ब) सूर्य; सूर्यप्रकाश—

"वैश्वानरो रश्मिभिः वः पुनातु"

—अथर्ववेद ६. ६२।

"जोतिर्वैश्वानरं बृहत्"

—ऋग्वेद ९-६१-१६।

(स) "सभी मनुष्यों से सम्बद्ध", "विश्वव्यापी"—

"ये देवास इह स्थन विश्वे वैश्वानरः उत।"

—ऋग्वेद ८-३०-४०।

(द) अग्नि—

"अहं वैश्वानरो भूत्वा प्राणिनां देहमाश्रितः।
प्राणापानसमायुक्तः पचाम्यन्नं चतुर्विधम् ॥"

—श्रीमद्भगवद्गीता १५-१४।

"वैश्वानरोऽप्यन्यत्राप्युक्तं, अयमग्निर्वैश्वानरः।"

—मैत्रायण्युपनिषद् २-८।

"व्यात्तमग्निर्वैश्वानरः"

—बृहदारण्यकोपनिषद् १-१-१।

"अयमग्निर्वैश्वानरो योऽयमन्तःपुरुषे"

—मैत्रायण्युपनिषद् २-६।

"विश्वोऽसि वैश्वानरोऽसि।"

—मैत्रायण्युपनिषद् ६-९।

"स एष वैश्वानरो विश्वरूपः"

—प्रश्नोपनिषद् १-७।

२. अतिथिः—अतति गच्छति न तिष्ठतीति। अत्+इथिन् उणादि ४-२। यद्वा अविद्यमाना तिथिर्यस्य सोऽतिथिः। जिसकी कोई तिथि नहीं अर्थात् जो किसी भी दिन घर में आ सकता है।

एकरात्रं तु निवसन्नतिथिर्ब्राह्मणः स्मृतः ।
अनित्यं हि स्थितो यस्मात्तस्मादतिथिरुच्यते ॥

—मनुस्मृति ३-१०२ ।

यस्य न ज्ञायते नाम न च गोत्रं न च स्थितिः ।
अकस्माद् गृहमायातः सोऽतिथिः प्रोच्यते बुधैः ॥

३. ब्राह्मणः—ब्रह्मन् + अण् ।

"चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः ।"

—ऋग्वेद १-१६४-४५ ।

"ब्राह्मणा व्रतचारिणः ।"

—ऋग्वेद ७-१०३-१ ।

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा ।
दानं प्रतिग्रहं चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ॥

—मनुस्मृति १-८८ ।

४. **गृहान्**—गृह्यते धर्माचरणाय इति गृहम् । ग्रह + कः । "गेहे कः" ३. १. १४४ । यद्वा गृहणाति धान्यादिकं जीवनार्थं यस्मिन्निति ।

५. **शान्तिम्**—शम् + क्तिन् = शान्तिः । ताम् ।

६. **वैवस्वत**—विवस्वतोऽपत्यं वैवस्वतः । अण् ।

"वैवस्वतं सङ्गमनं जनानां यमं राजानं हविषा दुवस्य ॥"

—ऋग्वेद १०-१४-१ ।

७. **उदकम्**—उन्दी क्लेदने + ण्वुल् नि नलोपश्च उणादि २-३९ ।

आशा[1] प्रतीक्षे[2] सङ्ग[3]तं[?] सूनृतां[4] च
इष्टापूर्ते[5] पुत्र[6]पशूँश्च सर्वान् ।
एतद् वृङ्क्ते पुरुषस्याल्पमेधसो
यस्यानश्नन्[7] वसति ब्राह्मणो गृहे ॥ ८ ॥

अन्वय—अनश्नन् ब्राह्मणः यस्य गृहे वसति [तस्य] अल्पमेधसः पुरुषस्य आशाप्रतीक्षे सङ्गतं सूनृतां च इष्टापूर्ते सर्वान् पुत्रपशूंश्च [इति] एतत् । [सर्वं] वृङ्क्ते ॥ ८ ॥

शा० भा०—आशाप्रतीक्षेऽनिर्ज्ञातप्राप्येष्टार्थप्रार्थना आशा; निर्ज्ञातप्राप्यार्थ-प्रतीक्षणं प्रतीक्षा; ते आशाप्रतीक्षे, सङ्गतं तत्संयोगजं फलम्, सूनृतां च सूनृता हि प्रिया वाक् तन्निमित्तं च, इष्टापूर्ते इष्टं यागजं पूर्तमारामादिक्रियाजं फलम्, पुत्र-पशूंश्च पुत्रांश्च पशूंश्च सर्वानेतदेतत्सर्वं यथोक्तं वृङ्क्ते आवर्जयति विनाशयतीत्येतत्-पुरुषस्याल्पमेधसोऽल्पप्रज्ञस्य—यस्यानश्नन्नभुञ्जानो ब्राह्मणो गृहे वसति । तस्मादनु-पेक्षणीयः सर्वावस्थास्वप्यतिथिरित्यर्थः ॥ ८ ॥

हिन्दी—बिना भोजन किये हुए ब्राह्मण जिसके गृह में निवास करता है, उस अल्पबुद्धि मनुष्य की ज्ञात तथा अज्ञात वस्तुओं की प्राप्ति की इच्छाएँ, उनके संयोग से मिलनेवाले फल; प्रिय वाणी (तथा प्रिय वाणी से उत्पन्न फल) इष्ट (याग आदि) तथा पूर्त (आरामादि) से उत्पन्न होनेवाले फल और समस्त पुत्र तथा पशु इन सबको वह नष्ट कर देता है ॥ ८ ॥

१. आशा—आ समन्तात् अश्नुते व्याप्नोति इति आशा । आङ्+अश्+अच्+टाप् ।

२. प्रतीक्षा—प्रतीक्षणं प्रतीक्षा प्रति+ईक्ष्+अङ्+टाप् ।

३. सङ्गतम्—सम्+गम्+क्त (भावे) ।

४. सूनृता—सु+नृत+क+टाप् ।

इष्टापूर्ते—इष्टं च पूर्तं च द्वयोः समाहारः इष्टापूर्ते । पूर्वपददीर्घत्वम् ।

इष्टम् = इष् इच्छायाम् + क्त (कर्मणि) ।

पूर्तम् = पॄ (पालने) + क्त (भावे) । यद्वा पूर्+क्त ।

(क) इष्टम् :—

अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानां चैव पालनम् ।
आतिथ्यं वैश्वदेवश्च इष्टमित्यभिधीयते ॥
एकाग्निकर्महवनं त्रेतायां यच्च हूयते ।
अन्तर्वेद्यां च यद्दानमिष्टं तदभिधीयते ॥

(ख) पूर्तम् :—

वापीकूपतडागादिदेवतायतनानि च ।
अन्नप्रदानमारामाः पूर्तमित्यभिधीयते ॥ —मनुस्मृति ४-२२६ ।
पुष्करिण्यः सभा वापि देवतायतनानि च ।
आरामश्च विशेषेण पूर्तं कर्म विनिर्दिशेत् ॥
इष्टापूर्तस्यापरिज्यानिः । —शतपथ ब्राह्मण १३-१-५-६ ।
इष्टापूर्ते द्विजातीनां प्रथमं धर्मसाधनम् ।
इष्टेन लभते स्वर्गं पूर्ते कर्म विनिर्दिशेत् ॥ —वराहपुराणम्

६. पशुः—सर्वमविशेषेण पश्यतीति पशु । दृश् (पश्) + कु ।

७. अनश्नन्—नञ् + अश् + शतृ ।

एवमुक्तो मृत्युरुवाच नचिकेतसमुपगम्य पूजापुरःसरम्—

तिस्रो रात्रीयदवात्सीर्गृहे मे
अनश्नन्ब्रह्मन्नतिथिर्नमस्यः ।
नमस्तेऽस्तु ब्रह्मन् स्वस्ति मेऽस्तु
तस्मात् प्रति त्रीन् वरान् वृणीष्व ॥ ९ ॥

अन्वय—हे ब्रह्मन् ! नमस्यः अतिथिः [सन् त्वम्] यत् मे गृहे तिस्रः रात्रीः अनश्नन् अवात्सीः । हे ब्रह्मन् ! ते नमः अस्तु । मे स्वस्ति अस्तु । तस्मात् प्रति त्रीन् वरान् वृणीष्व ॥ ९ ॥

शा० भा०—तिस्रो रात्रीर्यद्यस्मादवात्सीः उषितवानसि गृहे मे ममानश्नन् हे ब्रह्मन्नतिथिः सन्नमस्यो नमस्कारार्हश्च तस्मान्नमस्ते तुभ्यमस्तु भवतु । हे ब्रह्मन् ! स्वस्ति भद्रं मेऽस्तु तस्माद्भवतोऽनशनेन मद्गृहवासनिमित्ताद्दोषात् तत्प्राप्त्युपशमेन। यद्यपि भवदनुग्रहेण सर्वं मम स्वस्ति स्यात्तथापि त्वदधिकसम्प्रसादनार्थमनशनेनोपिताम् एकैकां रात्रिं प्रति त्रीन् वरान् वृणीष्व अभिप्रेतार्थविशेषान् प्रार्थयस्व मत्तः ॥ ९ ॥

हिन्दी—हे ब्रह्मन् ! नमस्कार-योग्य अतिथि आपने भोजन न करते हुए जो तीन रातें मेरे घर में बितायीं, इसलिए हे ब्रह्मन् ! तुम्हें नमस्कार, मेरा कल्याण हो । इसलिए [एक-एक रात के लिए एक-एक वर—इस प्रकार] तीन वरों को माँग लो ॥ ९ ॥

नचिकेतास्त्वाह यदि दित्सुर्वरान्—

शान्तसङ्कल्पः सुमना यथास्या-
द्वीतमन्युर्गौतमो माभि मृत्यो ।
त्वत्प्रसृष्टं माभिवदेत्प्रतीत
